Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा ड्रापआउट लड़कियों को शिक्षित करने हेतु 'शिक्षा सेतु योजना' लागू की गयी है। इसका संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इंदिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना द्वारा किया जा रहा है। ड्रापआउट लड़कियों को स्टेट ओपन स्कूल के जरिए माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। इसमें एक बार पंजीकरण होने के बाद 5 वर्ष में परीक्षा के 9 मौके मिलेंगे।

1744. जून 2021 में, ''प्रधानमंत्री आवास योजना'' के तहत राजस्थान के किस जिले को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ?

(a) जयपुर (b) डूंगरपुर
(c) अजमेर (d) जोधपुर

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (b) : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राजस्थान राज्य के 6 जिलों को सूची में स्थान मिला है, इसमें राज्य का डूंगरपुर देश में दूसरे स्थान पर तथा नागौर तीसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डूंगरपुर में 93 हजार से अधिक के आवास बनाए गये हैं। वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराना है।

1745. राजस्थान में 'जीवन धारा योजना' का संबंध है-

(a) गरीबो हेतु बीमा से
(b) एस.सी. और एस.टी. हेतु सिंचाई कुँओं के निर्माण
(c) एस.सी. और एस.सी. हेतु स्वास्थ्य सुविधा से
(d) नगरीय क्षेत्रों हेतु पीने के पानी से

RPSC RAS/ATS 1997-98
RPSC SI- 03-09-2021
Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (b) : राजस्थान में ''जीवन धारा योजना का संबंध अनुसूचित जाति, जनजाति, छोटे और सीमान्त किसानों के लिए कुएँ से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने से है। इस योजना के अंतर्गत कुओं का निर्माण निःशुल्क करवाया जाता है। इन कुओं में सिंचाई के लिए हमेशा पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

1746. राजस्थान में ''मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना'' कब प्रारम्भ की गयी?

(a) 10 मार्च, 2019 (b) 1 फरवरी, 2019
(c) 10 फरवरी, 2020 (d) 1 फरवरी, 2020

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (b) : राजस्थान में ''मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना'' 1 फरवरी, 2019 से प्रारम्भ की गयी। इस योजना के अंतर्गत राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान के स्नातक बेरोजगारों को मासिक भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसमें पुरूष प्रार्थी को रु.4000 तथा महिलाओं और ट्रांसजेण्डर को रु.4500 मासिक भत्ता दिया जाएगा।

1747. राज्य सरकार के तीन साल पूरे होने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा निम्नलिखित में से कौन सी योजना शुरू की गई थी?

(a) आई एम शक्ति उड़ान योजना
(b) जागृति -कार्य वापसी योजना
(c) (A) और (B) दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (c) राजस्थान राज्य सरकार के तीन साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य में निम्न योजनाओं की शुरूआत की।

- आई एम शक्ति उड़ान योजना- इस योजना के तहत महिलाओं और किशोरियों को उनकी Health और Hygiene को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध करवाये जायेंगे।
- जागृति-कार्य वापसी योजना-इस योजना के अन्तर्गत कामकाजी एवं व्यावसायिक क्षेत्र में प्रशिक्षित महिलाएँ जो विवाह अथवा किसी अन्य कारण से जॉब छोड़ देती हैं, उनको निजी क्षेत्र के सहयोग से पुनः जॉब/वर्क फ्रॉम होम के अवसर उपलब्ध करवाने के प्रयास किये जायेंगे। आगामी 3 वर्षों में ऐसी 15000 महिलाओं को जॉब/वर्क फ्रॉम होम से जोड़े जाने का लक्ष्य हैं।

1748. राजस्थान की 'कूबड़पट्टी' कहाँ स्थित है?

(a) उदयपुर-राजसमंद (b) अलवर-भरतपुर
(c) झालावाड़-बूंदी (d) नागौर-अजमेर

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) राजस्थान की 'कूबड़-पट्टी' नागौर-अजमेर की सीमाओं के मध्य पाई जाती है। इस क्षेत्र के जल में फ्लुओराइड की अधिकता के कारण यहाँ के लोगों में कूबड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है।

1749. श्रीमती रमा देवी राजस्थान के किस किसान आन्दोलन से सम्बद्ध रही?

(a) बेगूँ (b) बिजौलिया
(c) बरड़ (d) बीकानेर

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : श्रीमती रमा देवी राजस्थान के बिजौलिया आन्दोलन से सम्बन्धित रही। बिजौलिया आंदोलन मेवाड़ रियासत में शुरू हुआ। इस आंदोलन का प्रथम चरण 1897 ई. में प्रारंभ हुआ। बिजौलिया आन्दोलन के चतुर्थ चरण के नेता विजयसिंह पथिक थे। बिजौलिया किसान आंदोलन 1897 से 1941 ई.तक चलता रहा।

1750. राजस्थान में महिला राज्य कर्मचारियों को अपने पूरे सेवाकाल में कितने वर्ष का शिशु देखभाल अवकाश दिया जाता है?

(a) एक वर्ष (b) दो वर्ष
(c) तीन वर्ष (d) चार वर्ष

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : राजस्थान में महिला राज्य कर्मचारियों को अपने पूरे सेवाकाल में दो वर्ष का शिशु देखभाल हेतु अवकाश दिया जाता हैं जिसे वे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल के लिए अपने कामकाजी सेवा के दौरान ले सकती है।

1751. राजस्थान में बच्चों में पोषण स्तर में सुधार हेतु 'अन्नापूर्ण दूध योजना' कब प्रारम्भ की?

(a) 2 जुलाई, 2018 (b) 1 जुलाई, 2018
(c) 1 जुलाई, 2017 (d) 2 जुलाई, 2017

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : राजस्थान में बच्चों में पोषण स्तर में सुधार हेतु 'अन्नापूर्ण दूध योजना' 2जुलाई,2018 को प्रारम्भ की गयी। यह योजना मध्याह्न भोजन योजना का विस्तार हैं पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के छात्र इस योजना के लिए पात्र है। इस योजना का उद्देश्य बच्चों मे कुपोषण निवारण, स्कूल में नामांकन बढ़ाने, पोषण स्तर में सुधार करना है।